**Series &RQPS/S**

**SET-4**

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code **71/S**

रोल नं.
Roll No.

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **11** हैं ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **9** प्रश्न हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

- Please check that this question paper contains **11** printed pages.
- Please check that this question paper contains **9** questions.
- Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- **Please write down the serial number of the question in the answer-book before attempting it.**
- 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

# चित्रकला (सैद्धान्तिक) (भारतीय कला का इतिहास)

# PAINTING (Theory) (History of Indian Art)

*निर्धारित समय : 2 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 30*

*Time allowed : 2 hours* | *Maximum Marks : 30*

***सामान्य निर्देश :***

*(i)* ***खण्ड क : सभी*** *प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (प्रत्येक प्रश्न का **1** अंक है)*

*(ii)* ***खण्ड ख : सभी*** *प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (प्रत्येक प्रश्न के **2** अंक हैं)*

*(iii)* ***खण्ड ग : किन्हीं दो*** *प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (प्रत्येक प्रश्न के **6** अंक हैं)*

## खण्ड क

## (बहुविकल्पी प्रश्न)

**1.** दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए : *8×1=8*

(i) साहिबदीन किस शैली के चित्रकार थे ?

(A) मेवाड़ शैली (B) बसोहली शैली

(C) मुगल शैली (D) हैदराबाद शैली

(ii) आपके पाठ्यक्रम में शामिल रामायण का कथानक 'भरत का राम से चित्रकूट में मिलन' राजस्थान की किस शैली में चित्रित है ?

(A) मेवाड़ शैली (B) बीकानेर शैली

(C) जयपुर शैली (D) किशनगढ़ शैली

(iii) अभिकथन (A) : "मदर टेरेसा" और "माँ और बच्चा" आधुनिक कला की चित्रकला के असाधारण उदाहरण हैं।

कारण (R) : दोनों चित्र बंगाल लोक कला से प्रभावित हैं।

(A) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं, तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।

(B) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं, लेकिन कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** है।

(C) अभिकथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) ग़लत है।

(D) अभिकथन (A) ग़लत है, लेकिन कारण (R) सही है।

(iv) कौन-सी लघु-चित्र शैली राजा संसार चन्द के संरक्षण में अपने स्वर्ण काल को प्राप्त हुई ?

(A) काँगड़ा लघुचित्र शैली

(B) बसोहली लघुचित्र शैली

(C) जयपुर लघुचित्र शैली

(D) जोधपुर लघुचित्र शैली

***General Instructions :***

*(i)* **Section A :** *Attempt **all** questions. (Each question carries **1** mark.)*

*(ii)* **Section B :** *Attempt **all** questions. (Each question carries **2** marks.)*

*(iii)* **Section C :** *Attempt **any two** questions. (Each question carries **6** marks.)*

## SECTION A

## (Multiple Choice Questions)

**1.** Select the correct answer from the given options : *8×1=8*

(i) Sahibdin was the artist of which school ?

(A) Mewar school (B) Basohli school

(C) Mughal school (D) Hyderabad school

(ii) The story of Ramayana included in your syllabus 'Bharat meets Rama at Chitrakut' is depicted in which school of Rajasthan ?

(A) Mewar school (B) Bikaner school

(C) Jaipur school (D) Kishangarh school

(iii) Assertion (A) : "Mother Teresa" and "Mother and Child" are exceptional examples of the painting from modern trend.

Reason (R) : Both the paintings are inspired from Bengal Folk Art.

(A) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation of Assertion (A).

(B) Both Assertion (A) and Reason (R) are true but Reason (R) is ***not*** the correct explanation of Assertion (A).

(C) Assertion (A) is true but Reason (R) is false.

(D) Assertion (A) is false but Reason (R) is true.

(iv) Which school of miniature painting found its golden age under the patronage of Raja Sansar Chand ?

(A) Kangra school of miniature painting

(B) Basohli school of miniature painting

(C) Jaipur school of miniature painting

(D) Jodhpur school of miniature painting

(v) उस्ताद मंसूर किसके दरबारी चित्रकार थे ?

(A) जगशरण

(B) मामचन्द

(C) संसार चन्द

(D) जहाँगीर

(vi) किस मुगल शासक ने 'पंचतन्त्र' और 'हम्ज़ानामा' का चित्रांकन कराया ?

(A) अकबर

(B) बाबर

(C) हुमायूँ

(D) औरंगजेब

(vii) अभिकथन (A) : हमारा राष्ट्रीय ध्वज शौर्य, शान्ति और खुशहाली का प्रतीक है।

कारण (R) : केसरी रंग खुशहाली, श्वेत रंग शौर्य, भारतीय हरा रंग शान्ति का प्रतीक है।

(A) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं, तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।

(B) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं, लेकिन कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** है।

(C) अभिकथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) ग़लत है।

(D) अभिकथन (A) ग़लत है, लेकिन कारण (R) सही है।

(viii) हैदराबाद किस चित्र शैली का प्रमुख केन्द्र था ?

(A) राजस्थानी शैली

(B) पहाड़ी शैली

(C) मुगल शैली

(D) दक्कनी शैली

(v) Whose court painter was Ustad Mansur ?

(A) Jagsharan

(B) Mamchand

(C) Sansar Chand

(D) Jahangir

(vi) Which Mughal ruler commissioned the paintings of 'Panchatantra' and 'Hamzanama' ?

(A) Akbar

(B) Babar

(C) Humayun

(D) Aurangzeb

(vii) Assertion (A) : Our National Flag is a symbol of valour, peace and prosperity.

Reason (R) : Saffron is a symbol of prosperity, white is a symbol of valour, Indian Green is a symbol of peace.

(A) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation of Assertion (A).

(B) Both Assertion (A) and Reason (R) are true but Reason (R) is ***not*** the correct explanation of Assertion (A).

(C) Assertion (A) is true but Reason (R) is false.

(D) Assertion (A) is false but Reason (R) is true.

(viii) Hyderabad was the main centre of which painting style ?

(A) Rajasthani school

(B) Pahari school

(C) Mughal school

(D) Deccan school

## खण्ड ख

**(लघु उत्तरीय प्रश्न)** *5×2=10*

*(इन प्रश्नों का उत्तर लगभग 100 शब्दों में अपेक्षित है।)*

**2.** (क) गोलकुंडा दक्कन शैली के प्रमुख केन्द्रों में से एक था। नारी सशक्तिकरण और मनोरंजक क्रियाएँ इस शैली का मुख्य आधार रही हैं।

(i) अपने पाठ्यक्रम में समाहित गोलकुंडा शैली के चित्र के शीर्षक एवं माध्यम के विषय में लिखिए।

(ii) चित्र की संयोजन व्यवस्था का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए।

**अथवा**

(ख) जहाँगीर मुगल लघुचित्र शैली के सबसे बड़े उन्नायक सिद्ध हुए। प्रकृति से बेहद लगाव, चित्रकला में प्रबल रुचि और रसिक प्रवृत्ति के कारण इनके समय में पोथी चित्रण की अपेक्षा प्रकृति चित्रण पर अधिक ध्यान दिया गया।

(i) अपने पाठ्यक्रम में शामिल जहाँगीर कालीन चित्र को पहचानकर इसके शीर्षक व चित्रकार का नाम लिखिए।

(ii) चित्र की कलात्मक विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

**3.** (क) राजस्थान की एक उपशैली में चित्रित यह चित्र कवि एवं कला रसिक राजा सावन्त सिंह की अद्भुत परिकल्पना का प्रतिफल है। इस चित्र को लियोनार्डो द विंची की मोना लीसा के समकक्ष माना गया है।

(i) चित्र को पहचानकर इसके शीर्षक एवं उपशैली के विषय में लिखिए।

(ii) किन कलात्मक गुणों के कारण इसे 'भारतीय मोना लीसा' कहा गया ? स्पष्ट कीजिए।

**अथवा**

(ख) 1906 का राष्ट्रीय ध्वज 1921 के ध्वज से कितना अलग था ? स्पष्ट कीजिए।

## SECTION B

**(Short answer type questions)** *5×2=10*

*(Answer for these questions is expected in around 100 words.)*

**2.** (a) Golconda was one of the major centres of the Deccan school. Women empowerment and entertaining activities have been the mainstay of this school.

(i) Write about the title and medium of a painting included in your syllabus, from Golconda school.

(ii) Describe the compositional arrangement of this painting in your own words.

**OR**

(b) Jahangir proved to be the greatest promoter of the Mughal school of miniature painting. Due to extreme attachment to nature, strong interest in painting and romantic tendency, more attention was paid to nature painting than manuscripts in his time.

(i) Identify the painting of Jahangir's period included in your syllabus and write about its title and painter.

(ii) Highlight the artistic features of the painting.

**3.** (a) This painting, painted in a sub-school of Rajasthan is the result of the wonderful imagination of poet and art lover Raja Sawant Singh. This painting is considered equivalent to Leonardo da Vinci's Mona Lisa.

(i) Identify the painting and write about its title and sub-school.

(ii) Due to which artistic qualities is it called the 'Indian Mona Lisa' ? Explain.

**OR**

(b) How different was the National Flag of 1906 from the flag of 1921 ? Explain.

4. (क) देवी प्रसाद रायचौधरी मूर्तिकला में किसी परिचय के मोहताज नहीं हैं। उनका एक मूर्तिशिल्प 'राष्ट्रीय आधुनिक कला संग्रहालय, नई दिल्ली' के प्रांगण की शोभा बढ़ा रहा है।

(i) अपने पाठ्यक्रम में शामिल इस शिल्प को पहचानकर इसके शीर्षक एवं माध्यम के विषय में लिखिए।

(ii) शिल्प की संयोजन व्यवस्था का विश्लेषण कीजिए।

**अथवा**

(ख) आधुनिक मूर्तिकारों ने अपनी कार्यक्षमताओं, परिवेश, आर्थिक स्थिति एवं रुचि के अनुसार अनेक नवीन माध्यम ईजाद किए। इनमें से कुछ क्रान्तिकारी माध्यम थे टीन, ऑक्सीकृत कॉपर व अन्य धातुएँ।

(i) अपने पाठ्यक्रम में समाहित उपर्युक्त सामग्री से निर्मित किसी एक मूर्तिशिल्प का सौन्दर्यात्मक वर्णन कीजिए।

(ii) इस मूर्तिशिल्प के शीर्षक एवं इसके शिल्पकार के विषय में लिखिए।

5. रंगों, प्रतीकों और तकनीक के प्रयोग के विशेष सन्दर्भ में नीचे उल्लेखित कलाकार द्वारा बनाई गई कलाकृतियों में प्रमुख भावना को पहचानिए और उनकी सराहना कीजिए।

(क) उस्ताद फकीरउल्लाह खान

**अथवा**

(ख) के. लक्ष्मा गौड़

6. मृत्यु अटल है। यह सार्वभौमिक सत्य है कि जो जन्मा है उसका अन्त भी निश्चित है। धरती पर देवता भी इससे अछूते नहीं हैं। अब यह अपना-अपना नज़रिया है कि कौन इसे किस रूप में देखता है — जीवन रूपी यात्रा के अन्त के रूप में, या फिर किसी अप्रत्याशित दुखद घटना के रूप में ?

नीचे दिए गए किसी एक चित्र की यथोचित सराहना कीजिए जिसमें उपर्युक्त भाव प्रकट हुए हों।

(क) शिव और सती

**अथवा**

(ख) यात्रा का अन्त

4. (a) Devi Prasad Roychowdhury does not need any introduction in the field of sculpture. One of his sculptures is adorning the courtyard of the National Gallery of Modern Art, New Delhi.

(i) Identify the sculpture from your syllabus and write about its title and medium.

(ii) Analyze the compositional arrangement of this artwork.

**OR**

(b) Modern sculptors invented many new mediums according to their functionality, environment, economic status and interest. Some such revolutionary mediums were tin, oxidised copper and other metals.

(i) Aesthetically describe a sculpture made from the above material included in your syllabus.

(ii) Write about the title of this sculpture and its sculptor.

5. Identify and appreciate the dominant emotion in the artworks created by the artist mentioned below with special reference to the application of colours, symbols and technique.

(a) Ustad Faquirullah Khan

**OR**

(b) K. Laxma Goud

6. Death is inevitable. It is a universal truth that the end of the one who is born is also certain. Even the gods on earth are not untouched by this. Now it is their own point of view that who sees it in what form — as the end of life-journey, or as some unexpected tragic event ?

Appreciate any one picture given below in which the above sentiments have appeared.

(a) Shiva and Sati

**OR**

(b) Journey's End

## खण्ड ग

**(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)** $2 \times 6 = 12$

*(इन प्रश्नों का उत्तर लगभग 200 शब्दों में अपेक्षित है।)*

दिए गए तीन दीर्घ उत्तरीय प्रश्नों में से किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

**7.** अकबर कालीन मुगल शैली में दरबारों और शबीह चित्रों के साथ-साथ दृष्टान्त चित्रों को भी प्रमुखता से स्थान दिया गया। महाभारत एवं रामायण जैसे ग्रन्थों का अनुवाद कराकर अकबर ने इनकी सचित्र पाण्डुलिपियाँ तैयार कराईं। भगवान कृष्ण की बाल लीलाओं के चित्र भी इस समय बनाए गए। अपने पाठ्यक्रम में शामिल ऐसे ही किसी अकबर कालीन दृष्टान्त चित्र की व्याख्या निम्नलिखित के आधार पर कीजिए :

(i) चित्र का शीर्षक और इसके चित्रकार का नाम

(ii) चित्र का माध्यम एवं तकनीक

(iii) चित्र की विषय-वस्तु एवं संयोजन व्यवस्था

**8.** मनकू व नैनसुख पहाड़ी स्कूल के दो अलग शैलियों के महान चित्रकार थे। आपके पाठ्यक्रम में शामिल उनके चित्रों का उदाहरण देते हुए चित्र शैली का मूल्यांकन कीजिए व संयोजन व्यवस्था पर प्रकाश डालिए।

**9.** यूरोपियन कला के बढ़ते प्रभाव के बीच अबनींद्रनाथ टैगोर ने भारतीय चित्रकला के पुनरुत्थान की परिकल्पना को साकार करने का बीड़ा उठाया। उनका यह प्रयास बंगाल शैली के रूप में सामने आया। उपर्युक्त के सन्दर्भ में निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(i) भारतीय चित्रकला के पुनरुत्थान में योगदान देने वाले दो अन्य प्रमुख भारतीय कलाकारों के नाम बताइए।

(ii) बंगाल शैली की उत्पत्ति एवं विकास पर प्रकाश डालिए।

(iii) भारतीय विषयों के उपयोग ने किस प्रकार भारतीय कला के पुनरुत्थानवाद को बढ़ावा दिया ?

## SECTION C

**(Long Answer Type Questions)** *2×6=12*

*(Answer for these questions is expected in around 200 words.)*

Attempt any **two** questions from the given three long answer type questions :

**7.** In the Mughal school of Akbar's time, courtly and shabih (portrait) paintings as well as illustrations were also prominently placed. After translating texts like Mahabharata and Ramayana, Akbar got their illustrated manuscripts prepared. Paintings of Lord Krishna's childhood pastimes were also made at this time.

Explain any such illustration (of Akbar's period) included in your syllabus on the basis of the following points :

(i) Title of the painting and name of its painter

(ii) Medium and technique of the painting

(iii) Theme and compositional arrangement of the painting

**8.** Manaku and Nainsukh were great artists with different artistic styles from the Pahari school. With the reference of the paintings from your syllabus evaluate their styles by highlighting the compositional arrangement.

**9.** Amidst the increasing influence of European art, Abanindranath Tagore undertook to realize the concept of revival of Indian painting. This effort of his came out in the form of Bengal style. With reference to the above answer the following questions :

(i) Name any two other major Indian artists who contributed to the revival of painting.

(ii) Throw light on the origin and development of the Bengal school.

(iii) How did the use of Indian themes promote Indian revivalism in art ?